ई–मेल

पत्रांक– 10/रा. संग्रहण–17/2021–(C.N.- 167648) 63 /

बिहार सरकार
मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग
(निबंधन)

प्रेषक,

डॉ0 संजय कुमार,
उप निबंधन महानिरीक्षक,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला अवर निबंधक।
सभी अवर निबंधक।

पटना, दिनांक– 02.01.26

विषय : – **सरकार के राजस्व हित एवं जन सुविधा को ध्यान में रखते हुये रविवार एवं घोषित अवकाश के दिनों में निबंधन कार्यालय खोले जाने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि सरकार के राजस्व हित एवं जन सुविधा को ध्यान में रखते हुये माह जनवरी, 2026 में रविवार एवं घोषित अवकाश (राष्ट्रीय अवकाश को छोड़कर) सभी निबंधन कार्यालयों को अन्य कार्य दिवसों की भांति खोले जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः निदेश दिया जाता है कि इस आशय की सूचना कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कराया जाना तथा कार्यालय के सभी कर्मियों/कम्प्यूटर ऑपरेटर को उक्त रविवारीय अवकाश एवं घोषित अवकाश के दिन कार्यालय में उपस्थित रहना सुनिश्चित किया जाय। पूर्व से लागू नियमों के अनुसार अवकाश के दिनों में कार्य करने वाले कर्मियों को क्षतिपूर्त्ति अवकाश किसी अन्य कार्य दिवस को बारी–बारी से इस प्रकार देय होगा कि किसी भी दिन निबंधन कार्य बाधित न हो।

विश्वासभाजन,

(डॉ0 संजय कुमार)
उप निबंधन महानिरीक्षक,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 10/रा. संग्रहण–17/2021–(C.N.- 167648) 63 / पटना, दिनांक– 02.01.26

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निबंधन महानिरीक्षक के प्रधान आप्त सचिव/सभी समाहर्त्ता–सह–जिला निबंधक/सभी प्रमंडलीय सहायक निबंधन महानिरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उप निबंधन महानिरीक्षक,
बिहार, पटना

ज्ञापांक– 10/रा. संग्रहण–17/2021–(C.N.- 167648) 63 / पटना, दिनांक– 02.01.26

प्रतिलिपिः– प्रोजेक्ट मैनेजर Terracis Technology Ltd./विभागीय आई0टी0 सेल के प्रतिनिधि/Bihar State Co-operative Bank Ltd./ District Co-operative Bank के प्रतिनिधि को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उप निबंधन महानिरीक्षक,
बिहार, पटना।

Scanned with OKEN Scanner